पिछले एक महीने के दौरान लोगों के रजिस्ट्रेशन बड़े पैमाने पर बढ़ने लगे हैं

एक माह में नौकरी तलाश करने वाले 15 लाख बढ़े

नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल

श्रम मंत्रालय के नेशनल करियर सर्विस पोर्टल में पिछले करीब एक महीने में 15 लाख से ज्यादा नए नौकरी तलाश रहे लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। 19 सितंबर के करीब इस पोर्टल के डैशबोर्ड पर रजिस्टर्ड बेरोजगारों की संख्या 95.39 लाख हुआ करती थी लेकिन पिछले एक महीने के दौरान लोगों के रजिस्ट्रेशन बड़े पैमाने पर बढ़ने लगे हैं।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक कुल 1.10 करोड़ लोग नौकरी तलाश रहे हैं और इन लोगों के लिए 1,46,293 नौकरियां उपलब्ध हैं। अगर औसत की बात की जाए तो प्रति नौकरी 75 से ज्यादा लोगों की उम्मीदवारी है। देश भर में इस पोर्टल के जरिए लोगों को नौकरी देने वाले नियोक्ताओं की तादाद भी अच्छी खासी है। कुल 1,70,056 नियोक्ता इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं।

आंकड़ों में स्थिति

राज्य	नौकरी ढूढ़ने वाले
पश्चिम बंगाल	2,445,250
बिहार	1,230,020
महाराष्ट	1,106,998
उत्तर प्रदेश	497,130
झारखंड	457,628
दिल्ली	118,858
हरियाणा	87,952
उत्तराखंड	65,631

राज्यों का हाल : 30 सितंबर तक की बात 1.01 करोड़ नौकरी ढूढ़ने वालों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 67 लाख के करीब पुरुष और 34 लाख महिलाएं हैं। नौकरी ढूढ़ने वालों की संख्या में शीर्ष 3 राज्यों की बात की जाए तो ये पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र हैं। पश्चिम बंगाल में 24.45 लाख, बिहार में 12.30 लाख और महाराष्ट्र में 11.06 लाख लोगों ने नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इससे अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 5 लाख, झारखंड में 4.57 लाख, दिल्ली में 1.18 लाख, हरियाणा में 88 हजार और उत्तराखंड में 65 हजार नौकरी ढूढ़ रहे लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

सरकार का तर्क : हालांकि सरकार का कहना है कि कि देश में मौजूदा समय में इस पोर्टल के जरिए ही रोजगार देने की तैयारी है। ऐसे में सभी राज्यों में नियोक्ताओं को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने को कहा जा रहा है।

ई-श्रम पोर्टल से चार करोड़ श्रमिक जुड़े

ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों का पंजीकरण चार करोड़ को पार कर गया है। यह पोर्टल शुरू हुए दो माह से भी कम का समय हुआ है। विभिन्न क्षेत्रों मसलन निर्माण, कपड़ा, विनिर्माण, मत्स्य पालन, सड़कों पर रेहड़ी लगाने वाले, घर का कामकाज करने वाले, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े लोग इस पोर्टल पर पंजीकरण करा रहे हैं।

महिलाएं थोड़ा आगे

इस पोर्टल पर 4.09 करोड़ श्रमिकों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 50.02 प्रतिशत महिलाएं और 49.98 प्रतिशत पुरुष कामगार हैं। पोर्टल पर पुरुषों और महिलाओं ने समान संख्या में पंजीकरण कराया है।

पंजीकरण की सुविधा

ऑनलाइन पंजीकरण के लिए व्यक्तिगत श्रमिक मोबाइल ऐप या वेबसाइट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा वे साझा सेवा केंद्रों (सीएससी), राज्य सेवा केंद्र, श्रम सुगमता केंद्र, चुनिंदा डाकघरों, डिजिटल सेवा केंद्रों पर जाकर भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।